दिनॉक 26 जून, 2015 को अग्रवाल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में प्लेसमेन्ट सेल ने एन.आई.आई.टी के साथ मिलकर ं “जॉब फेयर” का सफल आयोजन किया. प्लेसमेन्ट सेल की कन्वीनर डॉ० शिल्पा गोयल ने इस अवसर पर लगभग दस कम्पनियों को आमंत्रित किया जिनमे मुख्य रुप से “मेप्पींग माइडन्स (कन्वर्जिज, पॉलिसी बाजार), टेक्नोएडर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, टैक वैदिक, एच,डी.एफ.सी; जेन पैक्ट, ए ऑन हियुइट, विप्रो, इंडिया इन्फोलाईन आदि.

इस जॉब फेयर में स्नातक एवं स्नात्तोकतर स्तर के बी.कॉम, बी.बी.ए; बी.सी.ए; बी.ए; एम.कॉम एवं एम.एस.सी. के लगभग 250 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इन कंपनियों में से एच.डी.एफ.सी. ने फोन बैंकिग एवं एम.आई.एस. के लिए सभी संकायों के स्नातकों के लिए साक्षात्कार लिए. जेन पैक्ट एंव हियुईट ने एकॉउन्टस एवं फाइनैन्स के लिए बी.कॉम. के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिया. इस जॉब फेयर में सभी कंम्पनियों ने सभी स्नातकों के लिए कम से कम 1.5 से 2 लाख व अधिकतम 4 लाख वार्षिक वेतन के लिए साक्षात्कार लिये. और इन सभी चयनित विद्यार्थियों की पोस्टिंग गुडगाँव, फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा एवं एन.सी. आर इलाकों में होगी.

अग्रवाल महाविद्यालय की तीनों संभागों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया. यह जॉब फेयर सभी (विज्ञान, कला, वाणिज्य) स्नातकों एव स्नात्तोकतर के लिए उपयोगी रहा. आमंत्रित कम्पनियों के अधिकारियों ने बताया कि विद्यार्थियों को साक्षात्कार, दूरभाष एवं लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित किया. समस्त विद्यार्थियों ने पूर्ण रुचि एवं उल्लास के साथ भाग लेते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया साथ ही भविष्य में भी ऐसे ही जॉब फेयर के लगवाने की प्रार्थना की . प्राचार्य महोदय ने प्लेसमेन्ट सेल की कन्वीनर डॉ० शिल्पा गोयल एवं सहयोगी प्रवक्ताओं डॉ० रेखा सेन, डॉ० सचिन गर्ग, प्रीति मलिक, विनित नागपाल, सारिका, निलम, डॉली, पूनम रौटेला एवं अनिता के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही जॉब फेयर लगाने का आश्वासन दिया साथ ही चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए बधाई दी.